हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

11 रेलवे ट्रैक पर लोगों की अवैध एंट्री रोकने की मांग



12 कैडेट्स ने सीखे सैन्य कौशल व अग्नि सुरक्षा के गुर



# अनाधिकृत औद्योगिक क्षेत्र को नियमित करने के लिए पोर्टल खुला

- कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने फैसले का स्वागत किया
- औद्योगिक क्षेत्र के पंजीकरण के लिए उस क्षेत्र में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि तथा कम से कम 50 उद्योगों का होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रदेश के अनाधिकृत औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने के लिए पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया प्रारंभ होने का कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। कोबी पदाधिकारियों के अनुसार वर्षों से संचालित अनाधिकृत औद्योगिक क्षेत्रों को सरकार द्वारा मान्यता दिए जाने की मांग सालों से की जा रही थी। प्रदेश में ऐसे अनेक औद्योगिक इलाकों में लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और सरकार को राजस्व मिल रहा है। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस मांग का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 17 मार्च को अपने बजट भाषण में इसका ऐलान किया था। विधानसभा सत्र में इसे पारित भी किया गया। यह निर्णय प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम माना जा रहा है। क्योंकि अब हरियाणा सरकार द्वारा अन-अप्रूव्ड औद्योगिक क्षेत्रों को मान्यता प्रदान करने हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल भी शुरू कर दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से संबंधित औद्योगिक क्षेत्रों के अप्रूवल के लिए आवेदन कोबी के माध्यम से ऑनलाइन सबमिट किए जाएंगे। सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी औद्योगिक क्षेत्र के पंजीकरण के लिए उस क्षेत्र में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि तथा कम से कम 50 उद्योगों का होना अनिवार्य रखा गया है। इससे प्रदेश के असंख्य प्रभावित उद्योगों एवं औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी। कोबी पदाधिकारियों ने सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।



बहादुरगढ़। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने पर चर्चा करते कोबी सदस्य।

## खबर संक्षेप

### एशियन मेडलिस्ट दिनेश पहलवान का अभिनंदन कल

बहादुरगढ़। कुश्ती जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान का कुश्ती प्रेमियों द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। दिनेश के सम्मान के लिए आगामी चार जनवरी को गांव गोयला कलां के जोहड़ वाले मंदिर परिसर में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। गोयला कलां गांव का दिनेश हेवीवेट कैटेगिरी 125 केजी फ्री स्टाइल का पहलवान है। गोधड़ी अखाड़े में अभ्यास करता है और भारतीय सेना में हवलदार है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मेडल जीत रहा है। हाल ही में सीनियर एशियन चैंपियनशिप में ब्रांज तो सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा देशी दंगलों में भी देशभर में धाक जमा रहा है। दिनेश के प्रदर्शन को देखते हुए उसके गांव में सम्मान समारोह आयोजन किया जा रहा है।



### छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

झज्जर। रोहतक लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष रामअवतार दीपक गहलोत ने बताया कि शहर के रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटूराम किसान धर्मशाला में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित इस शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य स्थानीय नागरिक अस्पताल व जिला रेडक्रॉस सोसायटी टीम द्वारा किया जाएगा।

### फुटबॉल टीम के चयन में ऑब्जर्वर होंगे अनिल

बहादुरगढ़। 20वें एडमिनिस्ट्रेटर चैलेंज कप अंडर 17 फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम का चयन 3 और 4 जनवरी को किया जाएगा। हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री को चयन प्रक्रिया के लिए एचओए की तरफ से ऑब्जर्वर लगाया गया है। वे इससे पहले भी फुटबाल टीम के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन के अनुरोध पर एचओए के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बैनीवाल और महासचिव कृष्ण लाल पंवार ने एचओए के उपाध्यक्ष अनिल खत्री को ऑब्जर्वर बनाया है। फुटबाल टीम का चयन 3 और 4 जनवरी को महम के गांव बलम्बा खास में होगा।



# बकाया वेतन के लिए हड़ताल पर डटे सफाई कर्मी, शहर में बिगड़े हालात

## ठेका प्रथा के विरोध में नगर परिषद के गेट पर की नारेबाजी

- तीन महीने से वेतन नहीं मिलने की वजह से कर्मचारियों के सामने आया संकट
- ठेकेदार के अधीन नहीं रहना चाहते सफाई कर्मचारी, नप में समायोजित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बकाया वेतन की मांग तथा ठेका प्रथा के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहा। शुक्रवार को कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की और मांग पूरी होने तक विरोध जारी रखने का एलान किया। उधर, सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बहादुरगढ़ शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरनारत कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। मोनू, कृष्णा व सोनू आदि कर्मचारियों ने कहा कि सफाई का टेंडर खत्म हो गया है। अब वे अब किसी भी हाल में ठेकेदार के अधीन काम नहीं करेंगे और नगर परिषद को अपने स्तर पर उन्हें काम देना चाहिए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया, जिससे हमारे सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। ठेके के तहत कर्मचारियों का शोषण होता है। वे शिद्दत से शहर को साफ करने का प्रयास करते हैं और बदले में उन्हें उनका जायज हक भी नहीं मिलता। अपने मेहनताने तथा अवकाश के लिए धरने प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ता है। जब तक उनकी समस्याओं का हल नहीं होता, धरना जारी रहेगा।



बहादुरगढ़। परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### एक-दो दिन में करवा देंगे समाधान : नांदल

इस बारे में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल ने बताया कि कर्मचारियों को पक्का करने का अधिकार नगर परिषद के पास नहीं है। सफाई का टेंडर खत्म होने के बाद डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति ली गई है। वेतन भुगतान के सवाल पर कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार का बिल अभी पोर्टल पर प्राप्त हुआ है। एक-दो दिन के भीतर पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक बुलाकर भुगतान की राशि जारी कर दी जाएगी।



झज्जर। मुख्यमंत्री से वीसी के उपरांत मीटिंग में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविरों की 5450 शिकायतों में से 131 बकाया

- मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविर की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की

झज्जर। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से शुक्रवार को समाधान शिविर की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में शिकायतों की स्थिति को लेकर गंभीरता से चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। वीसी के दौरान डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि अब तक जिले में कुल 5450 शिकायतें समाधान शिविरों में दर्ज हुई हैं। इनमें से ज्यादातर का समाधान कर दिया गया है, केवल 131 शिकायत बकाया हैं, जिनका संबंधित विभागों द्वारा समाधान किया जा रहा है। वीसी उपरांत डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविरों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अरावली संरक्षण के लिए अनशन आज

बहादुरगढ़। अरावली पर्वतमाला के बचाव में देशभर से आवाज उठ रही है। बहादुरगढ़ के भी कुछ पर्यावरण प्रेमी इस दिशा में आगे आए हैं। यहां अरावली पर्वतमाला के संरक्षण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण समिति हरियाणा की ओर से तीन जनवरी को अनशन किया जाएगा। यह एकदिवसीय अनशन कार्यक्रम रोहतक रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर सुबह 11 बजे शुरू होगा। समिति के प्रभारी सतवीर सिंह दहिया ने बताया कि अरावली न केवल हरियाणा बल्कि पूरे उत्तर भारत के पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके संरक्षण के लिए जनभागीदारी जरूरी है।

फैक्ट्रियों में आग लगने की घटनाओं पर लिया संज्ञान

# फैक्ट्री कर्मचारियों को देंगे फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) में स्थित दमकल केंद्र में बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं फायर डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी को फायर सेफ्टी एवं फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों में आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम करना, कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सही एवं सुरक्षित तरीके से कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना तथा उद्योगों में जान–माल के नुकसान को न्यूनतम करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान फायर सेफ्टी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के साथ-साथ आग लगने की स्थिति में फायर फाइटिंग उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे कर्मचारी वास्तविक परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से काम कर सकें।

उन्होंने सभी उद्योगों से अपील की है कि वे अपनी-अपनी फैक्ट्रियों से कम से कम पांच कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अवश्य भेजें। इससे न केवल संबंधित औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा के प्रति जागरुकता भी बढ़ेगी।

# एक्यूआई 200 से नीचे रहने पर मिली राहत

बहादुरगढ़ नववर्ष की अलसुबह हुई बूंदाबांदी के बाद से फिलहाल प्रदूषण से राहत मिली हुई है। लगातार दूसरे दिन बहादुरगढ़ में एक्यूआई 200 के नीचे रहा यानी 191 दर्ज किया गया, अन्यथा इससे पहले खतरनाक श्रेणी में चल रहा था। शुक्रवार सुबह भी इलाके में धुंध का असर नहीं दिखा। हालांकि दिनभर धूप भी नहीं खिली और ठिठुरन महसूस की गई। बढ़ती ठंड का असर लोगों की दिनचर्या पर देखने को मिल रहा है। पार्कों व मैदानों में सुबह-शाम टहलने वालों तथा खेल अभ्यास करने वाले युवाओं की संख्या में कमी आई है। युवा खिलाड़ी ओपन के बजाय इंडोर अभ्यास पर अधिका जोर दे रहे हैं। बाजार में ऊनी, गर्म वस्त्रों बिक्री हो रही है।

# लडरावण से कुतुबगढ़ तक 2.84 करोड़ में बनेगी सड़क

- बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून ने किया पौने तीन किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लडरावण में कुतुबगढ़ की ओर दिल्ली सीमा तक सड़क नए सिरे से बनाई जाएगी। इस पर करीब 2 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक राजेश जून ने अधिकारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में करीब पौने 3 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर ग्रामवासियों ने विधायक राजेश जून का का जोरदार स्वागत किया और इसके लिए आभार प्रकट किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी। विधायक राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से बहादुरगढ़ विधानसभा में विकास कार्यों को नई गति मिली है। हलके के ग्रामीण क्षेत्र में करीब 95 प्रतिशत सड़कें नई बन चुकी हैं। शेष सड़कें भी शीघ्र बनवाई जाएंगी। विधायक राजेश जून ने अधिकारियों व ठेकेदार को हिदायत दी कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता के सभी निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीण भी सड़क निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे मैटीरियल की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें।



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

लापरवाही | जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई एडवाजरी पर नहीं हो रही कार्रवाई

# अवैध रूप से बिक रहे चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बह रहा खून

गलियों व सड़कों पर बिखरे मांझे से भी परेशानी, गोवंश हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के विभिन्न गली मोहल्लों व मेन बाजार में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा अवैध रूप से बिक रहा है। इस तेज धारदार मांझे से न केवल आमजन को परेशानी हो रही है बल्कि पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। इसके अलावा सड़कों पर बिखरे इस मांझे के कारण वाहन चालक भी चोटिल हो रहे है। बीते वर्ष भी इस मांझे से कई लोग और पक्षी घायल हो चुके हैं। फिर भी ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके कारण आमजन में प्रशासन और संबंधित इकाई के प्रति रोष भी बना हुआ है। प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बिक रहा है।



झज्जर। पतंग व डोर की खरीददारी करते युवक। फोटो : हरिभूमि

***गलियों व सड़कों पर भी बिखरा मांझा:*** *शहर की गलियों और सड़कों पर भी मांझे के गुच्छे बिखरे पड़े हैं। जिसके कारण वाहन चालक व पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। बेसहारा गोवंशों के पांवों में उलझ जाने के कारण वे भी घायल हो रहे हैं। इसके अलावा बिजली व इंटरनेट की तारों पर भी यह मांझा लटकता हुआ दिखाई देता है, लेकिन फिर भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है।*

### बीते वर्ष भी वाहन चालक और पक्षी हुए थे घायल

इस प्रतिबंधित मांझे के कारण बीते वर्ष भी कई दुपहिया वाहन चालक और पक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कई वाहन चालकों की गर्दन और कईयों की उंगलियों में गहरे घाव हो गए थे। कई पक्षी इस मांझे लिपट जाने के कारण घायल हो गए थे, जिनके पंख काटने तक नौबत आ गई थी। जिसके बाद में प्रशासन कुछ हरकत में आया था और दुकानदारों के चालान भी किए थे। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण फिर से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बिक रहा है।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई

नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि प्रतिबंधित मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों के चालान करने के साथ साथ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# मादक पदार्थ हेरोइन सहित तीन आरोपी पकड़े

- रोहतक से बेरी रोड पर पुलिस ने नाका लगाकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एसटीएफ की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ हेरोइन सहित तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। एसटीएफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि एसटीएफ की एक टीम थाना बेरी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि मुकेश निवासी खेड़ी खुमार अपने साथियों के साथ सेंट्रो गाड़ी में मादक पदार्थ लेकर रोहतक से बेरी रोड रिटोली की तरफ आएगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए एएसआई प्रवीन कुमार की टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान एक सेंट्रो कार आती हुई दिखाई दी। जिसको रुकवा कर चेक किया गया तो उसके अंदर तीन व्यक्ति बैठे हुए मिले।

संदेह के आधार पर पकड़े गए व्यक्तियों की नियमानुसार तलाशी लेने पर उनके कब्जे से नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर सात ग्राम पाया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकेश, दिनेश व रोहित निवासी खेड़ी खुमार के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे' शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style



# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में' की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।' आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद



वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।


# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में



ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेताजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात' का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं। 'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली' के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### माइनर में मिले दो शवों की नहीं हुई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** रोहद गांव से गुजर रही एनसीआर माइनर में मिले शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। रविवार की शाम को एनसीआर माइनर में एक महिला का शव पाया गया। पुलिस ने शव को तीन दिन तक नागरिक अस्पताल में रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू किए लेकिन सफलता नहीं मिली। करीब 50 वर्षीय महिला का शव था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का दाह संस्कार करवा दिया। इसके बाद बुधवार की सुबह रोहद में ही एनसीआर माइनर से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। यह शव भी पहचान की स्थिति में नहीं था और न ही कपड़ों से कुछ पहचान संबंधित दस्तावेज मिला। फिलहाल पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा रखा है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### चार लाख की ठगी के मामले में आरोपी दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने टास्क पूरा करने के नाम पर 4 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए गिरोह में शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रोहतक निवासी यशु की शिकायत पर साइबर थाने में मामला दर्ज हुआ था। आरोपी की पहचान प्रेम पुत्र मुल्कराज, निवासी पंजाब के रूप में हुई है।

### दिनभर बदबूदार माहौल में बैठने को मजबूर दुकानदार

# बाजार में खुले नाले बनाने का कार्य धीमा, दुकानदार परेशान

**डायमंड चौक व इससे ऊपर की नालियों का गंदा पानी चौक पर फैल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

शहर के मेन बाजार स्थित नेताजी सुभाष चौक पर अंडरग्राउंड नालों को खुले नालों में तबदील करने का कार्य धीमी गति से चलने के कारण दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाला निर्माण कार्य के दौरान पानी अवरुद्ध किया गया है। जिस कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। दुकानदार गोपाल, संजय सैनी, प्रभु आदि ने बताया कि यहां खुले नाले बनाए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ठेकेदार ने कर्मचारी लगाकर नालों का पानी रोकते हुए निर्माण शुरू किया था। इसके बाद लगातार नाला निर्माण चलाया गया लेकिन सप्ताह भर से यह निर्माण कार्य बंद है। ऐसे में डायमंड चौक व इससे ऊपर की नालियों का गंदा पानी चौक पर फैल रहा है। यहां सीवरेज कनेक्शन भी लीक है। जिस कारण नालियों के पानी के साथ-साथ सीवरेज का पानी भी दुकानों के सामने फैला रहता है।



झज्जर। नेताजी सुभाष चौक पर फैले गंदे पानी में से निकलते हुए आमजन। फोटो : हरिभूमि

**दुकानों के सामने भरा है दूषित पानी**

दुकानदारों का कहना है कि गंदे पानी के कारण जहां उनकी दुकानदारी पर विपरीत असर पड़ रहा है वहीं पूरा दिन वे बदबूदार माहौल में बैठने को मजबूर हैं। नगर परिषद को चाहिए वे खुले नालों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर उन्हें समस्या से छुटकारा दिलाए। उन्होंने कहा कि जब नाला निर्माण कार्य शुरू हुआ था तो उन्हें लगा था कि यह समस्या महज दस से पन्द्रह दिनों की है लेकिन धीमी गति से चलाया जा रहा निर्माण उनके लिए समस्या बन जाएगा इसका उन्हें अंदाजा नहीं था। पूरा दिन उनकी दुकानों के सामने भरे रहने वाले गंदे पानी के कारण न केवल उन्हें बल्कि राहगीरों को भी निकलने में परेशानी आ रही है। दुकानदारों ने नगर परिषद अधिकारियों व जिला प्रशासन से शीघ्र नाला निर्माण पूरा कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# फूलों की खेती के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान बागवानी योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

- बागवानी योजनाओं व उन्नत तकनीकों की जानकारी दीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

क्षेत्र के गांव मुनीमपुर स्थित पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केंद्र में किसानों के लिए बागवानी योजनाओं व उन्नत तकनीकों के माध्यम से फूलों की खेती विषय पर एक साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के विशेषज्ञों ने फूलों की फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन, कीट प्रबंधन तथा विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किसानों को गेंदे के फूल उत्पादन, फूलों की संरक्षित खेती तथा फूलों से बिकी व अन्य उत्पाद तैयार करने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### पीजीआई के वरिष्ठ प्रो. डॉ. सुरेश धत्तरवाल सस्पेंड

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (पीजीआईएमएस) के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल को सस्पेंड करने के आदेश जारी हुए हैं। हेल्थ विवि के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की तरफ से लेटर जारी किया गया है। मामला लड़की की मौत के बाद जारी किए गए बयान से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल पर 2017 में एक मामले में चार्ज लगा था। जिसमें लड़की के शव का पोस्टमॉर्टम हुआ था और डॉ. सुरेश कुमार धत्तरवाल ने चैनल पर गैंगरेप होने का बयान जारी कर दिया था। जबकि डॉ. धत्तरवाल पोस्टमॉर्टम करने वाले पैनल में शामिल ही नहीं थे।

# रेलवे ट्रैक पर लोगों की अवैध एंट्री रोकने की मांग

- बढ़ते हादसों को देखते हुए जीआरपी की ओर से भी रेलवे को लिखा गया पत्र
- एक माह में दो हादसों में चार लोगों की जा चुकी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

रेलवे ट्रैक पर तमाम मौतें लापरवाही के कारण हो रही हैं। कोई ट्रैक पर रील बनाते वक्त चपेट में आ जाता है तो कोई लाइनों पर चलने या जल्दबाजी से ट्रैक क्रास करने के चक्कर में जान गंवा बैठता है।

टीकरी बॉर्डर से लेकर सांपला तक बहादुरगढ़ जीआरपी सीमा में अधिकांश हादसे छोटूराम नगर के निकट हो रहे हैं। इन बढ़ते हादसों को देखते लोगों ने जीआरपी व रेलवे से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। वहीं जीआरपी की ओर से भी रेलवे को पत्र लिखा गया है। एक माह के अंदर ही दो हादसों में चार लोगों की जान जा चुकी है।



बहादुरगढ़। रेलवे ट्रैक पर हुए एक हादसे के बाद जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

छोटूराम नगर के निवासी लक्की का कहना है कि यहां रहने वाले अधिकांश लोग फैक्ट्री कर्मी हैं। नजदीक केवल एक फाटक है। इसके अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं। जल्दबाजी में लोग लंबा रास्ता तय करने के बजाय शॉर्ट कट चुनते हैं। बहुत से लोग घूमकर जाने के बजाय लाइन के साथ साथ चल पड़ते हैं। जिस कारण हादसे हो जाते हैं। नासीर ने कहा कि छोटूराम नगर के आसपास पुलिस की ओर से जागरुकता अभियान चलाने के साथ साथ सख्ती बरते जाने की जरूरत है। अक्सर रात के समय लोग लाइनों किनारे बैठ कर रील बनाते हैं, कानों में लीड लगाकर गाने सुनते हैं। यदि इन पर सख्ती हो तो निश्चित ही हादसों पर अंकुश लग सकता है। इसके अलावा छोटूराम नगर के निकट अंडरपास या फ्लाईओवर की भी दरकार है।

**लाइनों के साथ ग्रील की व्यवस्था हो**

शहर के निवासी प्रदीप रेढू ने कहा कि रेलवे की ओर से आबादी भरे क्षेत्र के आसपास लाइनों किनारे ग्रिल आदि की व्यवस्था करनी चाहिए। अवैध तौर पर सीधे ट्रैक पर चढ़ने से रोकने के प्रबंध करने होंगे। इसके अलावा लोगों को जागरूक व पुलिस को इस दिशा में सख्त होने की जरूरत है। उधर, दूसरी तरफ पुलिस की ओर से भी हादसों पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे को पत्र लिखा गया है। सुझाव दिया गया है कि यदि लाइनों के साथ किसी ग्रील आदि की व्यवस्था हो जाए तो कुछ हद तक हादसों में कमी आ सकती है। एसआई राजेश का कहना है कि पुलिस लगातार जागरूक कर रही है। जिसके चलते साल दर साल हादसों के आंकड़ों में कमी आई है लेकिन लोगों को अपने जीवन का महत्व समझते हुए जागरूक होने की जरूरत है। यदि ट्रैक पर कोई रील बनाता दिखा तो सख्त कार्रवाई होगी।

# कल के कलाकार प्रतियोगिता में संस्कारम् की छात्राएं रहीं प्रथम

- चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विजेताओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

संस्कृति भवन भिवानी में आयोजित कल के कलाकार प्रतियोगिता में संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि उनके स्कूल की छात्रा यशिका व सनाया ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि शिक्षा में भी नृत्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नृत्य से बच्चों में एकाग्रता, रचनात्मक और आत्मविश्वास जैसे गुणों का विकास होता है। इस उपलब्धि पर चेयरमैन डॉक्टर महिपाल व प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके भविष्य की कामना की।



झज्जर। कल के कलाकार प्रतियोगिता के प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान कार्यशाला में शिक्षक एवं रिसोर्स पर्सन। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षकों को दी आधुनिक शिक्षण विधियों की जानकारी

**झज्जर।** आरईडी शिक्षण संस्थान में शिक्षा शास्त्र व लर्निंग आउटकम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने संस्था के दृष्टिकोण और योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, मूल्य एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन सोनिया कौशिक ने आधुनिक शिक्षण विधियों, गतिविधि आधारित शिक्षण, मूल्यांकन की नवीन तकनीकों तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार शिक्षक अपनी कक्षा में छोटे-छोटे नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों की समझ, रुचि एवं शैक्षणिक उपलब्धि को बढ़ा सकते हैं। आरईडी संस्थान की तीनों शाखाओं के शिक्षकों ने भाग लेते हुए समूह चर्चा में भाग लिया।

# स्वयंसेवकों को दिए कॅरियर बनाने के टिप्स




झज्जर। स्वयंसेवकों को करियर संबंधी जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

- कार्यक्रम अधिकारी सुनील ने स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील व शालू ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर स्वयंसेवकों के साथ विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। उन्होंने स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। स्कूल प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने स्वच्छ भारत अभियान की जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को अपने आसपास का वातावरण शुद्ध व बीमारी मुक्त बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित प्रवक्ता सतीश सांगवान ने स्वयंसेवकों को बारहवीं कक्षा के बाद विभिन्न प्रकार के कॉलेज कोर्सेज एवं कॅरियर संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर लिपिक रविंद्र ने भी संबोधित किया।

### घरेलू गैस के इस्तेमाल की जानकारी दी



झज्जर। स्वयंसेवकों को घरेलू गैस का प्रयोग करने संबंधी जानकारी देते हुए वक्ता।

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को घरेलू गैस के इस्तेमाल में बरती जानी वाली आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया। शिविर में गैस एजेंसी संचालक अक्षय कुमार और संजय कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों से कहा कि गैस सिलेंडर का पाइप पांच साल में हर अवस्था में बदल लेना चाहिए। गैस चूल्हा सैदव सिलेंडर से ऊंचाई पर होना चाहिए। इसके अलावा गैस सिलेंडर में अगर किसी कारणवश आग लग जाए तो गीली बोरी उस पर डाल देनी चाहिए, जिस से आग बुझ जाएगी और कोई दुर्घटना नहीं होगी। इस मौके पर एनएसएस इंचार्ज मंदीप, पवन, राकेश, अनिल, अशोक, कविता और पूनम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### किसानों में खुशी की लहर, उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद

# बढ़ती ठंड और हल्की बरसात गेहूं की फसल के लिए लाभदायक

**फिलहाल मौसम सरसों की फसल के लिए भी अनुकूल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

दिनों दिन बढ़ रही ठंड और हल्की बरसात के कारण किसान खुश हैं। किसानों और कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा मौसम गेहूं की फसल के लिए बेहद अनुकूल है, जिससे फसल की ग्रोथ बेहतर होगी और उत्पादन में बढ़ोतरी की पूरी संभावना है। किसान कृष्ण गुलिया, सतीश सैनी, महेंद्र सिंह आदि ने बताया कि दिसंबर व जनवरी के दौरान पड़ने वाली ठंड गेहूं की शुरुआती बढ़वार के लिए लाभकारी मानी जाती है, जिससे बालियों की संख्या बढ़ती है। इससे उत्पादन बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल जो हल्की बरसात हो रही है, वह भी फसल के लिए लाभदायक है। इससे खेतों में नमी बनी रहेगी और पानी देने की जरूरत कम पड़ेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मौसम सरसों की फसल के लिए भी अनुकूल है। अगर पाला पड़ता है तो सरसों की फसल को नुकसान होगा। वहीं कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि हल्की बारिश से मिट्टी में पर्याप्त नमी बनी हुई है। इससे गेहूं की जड़ों का विकास बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि ठंडे मौसम में कई हानिकारक कीटों का प्रकोप भी कम हो जाता है, जिससे फसल को नुकसान की आशंका घटती है। हालांकि किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों की नियमित निगरानी करते रहें और आवश्यकता पड़ने पर कृषि विभाग की सलाह के अनुसार ही दवाओं का प्रयोग करें।



खेत में उगी गेहूं की फसल

# बड़ी सामाजिक चुनौती बना नशा : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

- वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन
- युवावर्ग से पौष्टिक आहार को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया
- नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि समाज को भी बना देता है खोखला : डॉ. राजवंती शर्मा

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। युवावर्ग को नशे से दूर रहने व पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि भारत आज प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन नशीले पदार्थों का बढ़ता सेवन देश के लिए एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गया है।

नशा केवल एक व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि समाज को खोखला करने वाला अभिशाप है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने दिनचर्या में सुधार लाए। पौष्टिक व सात्विक भोजन ग्रहण करें। खेल तथा योगाभ्यास को अपनाएं। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने कहा कि नशामुक्त भारत केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य हैं।

### बाल मजदूरी करते तीन बच्चे बरामद, होटल से करवाया रेस्क्यू

**रोहतक।** सुखपुरा चौक स्थित मिठाई की दुकान एवं होटल से बाल मजदूरी कर रहे तीन बच्चों को रेस्क्यू किया गया। दो की उम्र 10 और तीसरे की उम्र 14 वर्ष है। तीनों बच्चे उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। एमडीडी ऑफ इंडिया के सहायक विकास अधिकारी एवं मानव तस्करी रोधी टीम के सदस्य रवि मलिक, विजय सैनी और विकास ने संयुक्त रूप से छापेमारी की थी।

**NOTICE**

I, Kalpana W/o Sh. Sandeep Kumar R/o H.No. 54, Sector-9, Near Police Choki, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar (Haryana)-124507 declare that I have changed my name from Kalpana Mothesra to Kalpana. In Future I may be known as Kalpana (New Name).

## संस्कारम् स्कूल में एनसीसी बटालियन का एनुअल ट्रेनिंग कैंप आयोजित

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखे सैन्य कौशल और अग्नि सुरक्षा के गुर

**राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम् पब्लिक स्कूल में आयोजित 8 हरियाणा एनसीसी बटालियन रेवाड़ी के कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सत्र में कैडेट्स ने पीटी व अन्य शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। इसके पश्चात शुरू ओपनिंग एड्रेस सत्र की शुरुआत मुख्यातिथि कमांडेंट कर्नल वीरेंद्र मोहन सिंह ने की। उन्होंने कैडेट्स को देश सेवा, कठिन परिश्रम और अनुशासन का महत्व समझाते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल शारीरिक मजबूती देती है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संस्कारम् ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि एनसीसी केवल एक वर्दी नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पित होने की भावना है। उन्होंने कैडेट्स से कहा कि कैंप से सीखी गई बातें उन्हें जीवन के हर मोड़ पर एक बेहतर इंसान बनाएंगी। इस दौरान फायर ब्रिगेड लेक्चर का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रवक्ता जितेंद्र ने कैडेट्स को आग के प्रकार, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग और आपातकालीन स्थिति में बचाव के तरीकों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार साहस और सही तकनीक से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। इस मौके पर सूबेदार मेजर राकेश कुमार, एसएचओ राकेश कुमार, एएसआई मनीषा व विक्की सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। कैंप में सैन्य अधिकारियों व एनसीसी कैडेट्स के साथ उपस्थित चेयरमैन महिपाल। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में छात्राओं को समझाते एसआई सत्यप्रकाश।

### सड़क सुरक्षा के नियम समझाए

बहादुरगढ़। नूना माजरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर के अंतरगत सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा शाखा झज्जर के उप निरीक्षक सत्य प्रकाश व आईडीटीआर बहादुरगढ़ की टीम के सहयोग से किया गया। अभियान का उद्देश्य छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देना तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान उप निरीक्षक सत्य प्रकाश ने विशेष वाहन में लगी स्क्रीन के माध्यम से चलचित्र दिखाकर यातायात नियमों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा का पालन, सड़क संकेतों की पहचान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने तथा पैदल यात्रियों के नियमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। चलचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत संदेश छात्राओं के लिए रोचक और सहज रहे, जिससे वे नियमों को आसानी से आत्मसात कर सकीं।


बहादुरगढ़। कैंप में उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते अतिथि।

### अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया

# स्वयंसेवकों से किया बेहतर नागरिक बनने का आह्वान

■ राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में साप्ताहिक शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने साप्ताहिक शिविर के दूसरे दिन कई गतिविधियां की। वक्ताओं के तौर पर कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, जगबीर कौशिक, सुरेश कौशिक और नरेंद्र शर्मा ने स्वयंसेवकों को प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए उत्साहर्धन किया। मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने अपने जीवन के अनुभवों को सांझा करते हुए स्वयंसेवकों से बेहतर नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने भगत सिंह के आंसू नामक शीर्षक से एक कविता प्रस्तुत की। जिसने सभी स्वयंसेवकों को भाव विभोर कर दिया। सुरेश कौशिक ने हंसी मजाक में जीवन की गहराई को स्वयंसेवकों के सामने कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। जगबीर कौशिक ने महिला सशक्तिकरण पर कविता प्रस्तुत की। मुस्कान, उर्वशी, दीप्ति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वंशिका ने अरावली पहाड़ियों के मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वयंसेवक योगेश ने अपनी शायरी के माध्यम से जीवन संघर्ष का दृश्य प्रस्तुत किया। नरेंद्र शर्मा ने लाइफ स्किल प्रशिक्षण के माध्यम से क्रियात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। दिनेश भारद्वाज ने अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को भी प्रोत्साहित किया गया।

**ये रहे मौजूद**

प्रधानाचार्य मंजू रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राकेश वत्स और कोमल गौतम ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर अमरदीप, सुधीर कुमार, रोहित, तृप्ति व पारुल आदि मौजूद रहे।

### रेड्डी समेत अन्य किसान नेताओं का किया समर्थन

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव कामरेड जयकरण मांडोठी ने अपने अखिल भारतीय सचिवालय सदस्य और कर्नाटक राज्य समिति के सचिव कामरेड भगवान रेड्डी सहित अन्य किसान व जनआंदोलन नेताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक आंदोलनों को कुचलने की साजिश करार देते हुए सभी गिरफ्तार नेताओं की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की है। जयकरण मांडोठी के अनुसार कामरेड भगवान रेड्डी बीजापुर संघर्ष समिति के कार्यकारी व कोर कमेटी सदस्य हैं और बीजापुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे जनआंदोलन के प्रमुख नेता हैं। वे सरकार द्वारा थोपे जा रहे पीपीपी मॉडल का लगातार विरोध कर रहे हैं। बीते कई दिनों से यह आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चल रहा था।

इसे बीजापुर जिले में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त था, लेकिन सरकार जनता की जायज मांगों की अनदेखी करती रही। इतना ही नहीं विरोध प्रदर्शन के दौरान कामरेड भगवान रेड्डी और अन्य नेताओं को पुलिस ने अवैध रूप से हिरासत में लिया। इसके बाद उन पर झूठे और मनगढ़ंत मामले दर्ज किए गए और सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को सरकार का तानाशाही और दमनकारी कदम बताते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़े आंदोलन को दबाने और जनता को डराने का प्रयास है।

# शोषण के विरुद्ध आवाज उठाएंगे : बुल्लड़

■ जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान जन चेतना संगठन की बागडोर संभालते ही समाजसेवी वीरेंद्र बुल्लड़ पहलवान ने जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा शहरी और ग्रामीण शेत्र के शोषित, दिव्यांग व पिछड़े वर्ग की आवाज को बुलंद किया जाएगा। बुल्लड़ पहलवान ने यह दायित्व देने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश कटारिया का आभार जताया। वे ईमानदारी और निष्ठापूर्वक सगंठन की जिम्मदारी संभालते हुए हर जरूरतमंद की मदद करेंगे।


बहादुरगढ़। डीसी से मुलाकात करते वीरेंद्र बुल्लड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*बुल्लड़ पहलवान ने एडवोकेट दीपक गोयल, एडवोकेट वरुण खासा, सुरेंद्र खुंगाई, रोहित मुनीमपुर, प्रदीप गंगडवा, सागर दलाल, संदीप रुहिल, साहिल सरोहा, दीपक, शशांक दुबे व सन्नी राठी आदि के साथ जिला उपायुक्त से मुलाकात की। आमजन का शोषण रोकने में सहयोग का अनुरोध किया।*

### वत्स की पुस्तक का सीएम ने किया विमोचन

बहादुरगढ़। पंडित दधीचि ऋषि वत्स ने बताया कि उनके द्वारा लिखित पुस्तक पंडित लखमीचंद का ब्रह्मज्ञानः काव्य रत्नावली प्रमाण व टीका सहित में 18 पुराण, श्रीमद्भागवत गीता, रामचरितमानस सहित अनेक ग्रंथों से प्रमाणों सहित व्याख्या प्रस्तुत की गई है। उनके दस वर्षों के परिश्रम का परिणाम इस पुस्तक का विमोचन सीएम नायब सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने लेखक को सम्मानित किया। शर्मा ने पुस्तक को समस्त ग्रंथों का सार बताते हुए कहा कि यह आमजन को सरल शब्दों में ब्रह्मज्ञान समझाने में सहायक है। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सचिव मंजीत सिंह ने भी इस कृति की सराहना की।

# प्रकृति और संस्कृति को बचाना जरूरीः महंत

■ गांव पलड़ा में प्राकृतिक खेती कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को आदर्श गांव पलड़ा में प्राकृतिक खेती कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रेणुका नांदल, जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास, जिला परिषद चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना, जैव विविधता संरक्षण के जिला समन्वयक आशीष कादियान आदि ने विशेष रूप से शिरकत की।

एसडीएम रेणुका नांदल ने किसानों से कहा कि आज खेती-बाड़ी का कार्य पहले की अपेक्षा अधिक सुगम और किफायती हुआ है, लेकिन अब किसानों को पुनः परंपरागत खेती की ओर लौटने की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। बीएओ डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि ऑर्गेनिक गांव पलड़ा निवासी अभिषेक यादव ने कृषि संकाय से शिक्षा ग्रहण कर लोगों को जैविक खाद एवं परंपरागत खेती के गुर सिखाने का कार्य किया है। अभिषेक की विशेष उपलब्धियों के लिए हरियाणा सरकार द्वारा कई बार उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।


झज्जर। किसानों को परंपरागत खेती की जानकारी देते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

**स्मृति चिन्ह भेंट किए**

महंत राजेंद्र दास ने कहा कि अधिक अनाज उत्पादन की होड़ में खेतों में अत्यधिक मात्रा में केमिकल युक्त खाद एवं कीटनाशक दवाइयों के प्रयोग से किसान मित्र कीट लगभग लुप्त होने के कगार पर हैं। भूमि की उपजाऊ शक्ति भी निरंतर समाप्त होती जा रही है। इसलिए फसल और नस्ल को बचाने के लिए जैविक खाद एवं पोषक तत्वों का उपयोग करना बेहद जरूरी है। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### बाइक चोरी का आरोपी जेल भेजा

बहादुरगढ़। सदर थाना पुलिस पुलिस की एक टीम ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नरेश कुमार के अनुसार, लाइनपार के निवासी राजा ने तीन अक्टूबर को शिकायत दी थी कि कानोंदा में झोपड़ी के बाहर से उसकी बाइक चोरी हुई है। इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में एक आरोपी को काबू किया गया। उसकी पहचान सुनील निवासी कानोंदा के रूप में हुई। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई। मामले में सामने आया कि आरोपी ने बाइक की प्लेट उतारकर फेंक दी थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# प्री-बोर्ड परीक्षाओं के बीच अब होंगी प्रैक्टिकल परीक्षाएं

■ सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर व्यापक स्तर पर हो रहीं तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में इन दिनों शैक्षणिक गतिविधियां अपने चरम पर हैं। दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्रों की तैयारी को परखने के लिए जहां प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं से पहले स्कूलों में पूरी तरह से परीक्षा का माहौल बन चुका है और छात्र पूरे मनोयोग से अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। दरअसल, प्री-बोर्ड परीक्षाओं के माध्यम से छात्रों को बोर्ड परीक्षा के पैटर्न से परिचित कराया जा रहा है। इन परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों की कमजोरियों को पहचानना और समय रहते उनमें सुधार कराना है। स्कूलों में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के बाद छात्रों को विषयवार फीडबैक दिया जा रहा है ताकि वे बोर्ड परीक्षा से पहले बेहतर तैयारी कर सकें। बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व आयोजित होने वाली प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर भी स्कूलों में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। प्रयोगशालाओं को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, उपकरणों की जांच की जा रही है और बाहरी परीक्षकों के लिए समय-सारिणी तैयार की जा रही है। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रैक्टिकल फाइल, प्रोजेक्ट व वाइवा की विशेष तैयारी कराई जा रही है। अभिभावक भी इस दौरान बच्चों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वे पढ़ाई के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखने में मदद कर रहे हैं।


बहादुरगढ़। प्री-बोर्ड परीक्षाएं देते पीडीएम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**तनाव न लें**

पीडीएम स्कूल के प्रशासक अनिल हुड्डा के अनुसार प्री-बोर्ड और प्रैक्टिकल परीक्षाएं छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे छात्रों को समय प्रबंधन, प्रश्न पत्र हल करने की रणनीति और परीक्षा के दबाव से निपटने का अनुभव मिलता है। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे नियमित अध्ययन करें, शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करें और किसी भी तरह का तनाव न लें।

### स्पेशल बच्चों को वितरित किए कपड़े और राशन

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बाबा रामदास स्पेशल चिल्ड्रन एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के स्पेशल बच्चों में ऊनी वस्त्र एवं राशन सामग्री वितरित की। महाविद्यालय की एनएसएस व वाईआरसी इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा, संवेदना और खुशियां सांझा करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशा शर्मा ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उनकी दिनचर्या और रुचियों के बारे में जाना तथा उन्हें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारी सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि हमारी प्रेरणा भी हैं।

## वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड़ में हुआ सफेद कोट समारोह का आयोजन

# महज कपड़ा नहीं, बल्कि मरीजों का विश्वास है यह सफेद कोट : डॉक्टर नरेंद्र सिंह

समारोह में 2025 बैच के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड़ में सफेद कोट समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में 2025 बैच के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

समारोह में दिल्ली के भूतपूर्व पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मंच संचालन प्रो. डॉ. जसनीत कौर संधू व सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमिता मलिक द्वारा किया गया। अपने संबोधन में डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों से कहा कि यह सफेद कोट केवल कपडा नहीं बल्कि उस विश्वास का प्रतीक है जो मरीज इस कोट में देखते हैं। आज से उनकी यात्रा सिर्फ किताबों और परीक्षाओं की नहीं, बल्की मरीज को धैर्य से सुनना व सम्मान से बात करने की भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वास दिलवाया कि संस्थान में उन्हें उच्च शिक्षा तथा सुविधाओं की कमी महसूस नहीं होगी।


झज्जर। समारोह में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर नरेंद्र सिंह।

**ये रहे उपस्थित**

मुख्यातिथि एसएन श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से कहा कि एआई के इस युग में उन्हें अपनी पहचान एक निखरते हुए चिकित्सक के रूप में बनानी होगी। उन्होंने बताया कि इस कोट का रंग सफेद इसलिए है क्योंकि यह रंग पारदर्शिता और स्वच्छता का प्रतीक होता है। इस दौरान संस्थान के डीन डॉक्टर जेसी पासी ने इस वर्ष दाखिल हुए करीब ढाई सौ विद्यार्थियों को महर्षि चरक संबंधी शपथ भी दिलाई। इस मौके पर निदेशक सीएस दुल, अकादमिक निदेशक डॉ. आदित्य भार्गव, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमएल जयपाल, कार्यकारी निदेशक कुंवर निशांत व कुंवर रोहन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।